www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...

राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, सोमवार, 31 जनवरी,2022 | वर्ष-14 | अंक -286 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

वैदिक शिक्षा की शुरुआत के लिए गौड़ सिटी दो में गुरुकुल के लिए पूजन

ग्रेटर नोएडा, 30 जनवरी (देशबन्धु)। ग्रेनो वेस्ट स्थित गौड़ सिटी 2 के राधा कृष्ण मंदिर परिसर में गुरुकुल की स्थापना की गई, जहां 40 विद्यार्थी नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे। इस गुरुकुल में पौराणिक शिक्षा, वेद, संस्कृत से जुड़ी शिक्षा दी जाएगी। गुरुकुल के शुभारम्भ को लेकर गौड़ ग्रुप के एमडी ने पूजन अर्चन किया। गौड़ ग्रुप शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा से अग्रसर रहा है। ग्रुप ने शिक्षा को बढ़ावा देने के साथ-साथ समाज में शिक्षा से वंचित विद्यार्थियों को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर रहा है। वहीं अब पौराणिक शिक्षा को भी आगे बढ़ाने के लिए गुरुकुल की स्थापना करने जा रहा है। अब पौराणिक शिक्षा से जुड़े विद्यार्थियों को दूरस्थ जगहों भटकना नहीं पड़ेगा। वह अब आसानी से गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। गौड़ ग्रुप की डायरेक्टर मंजू गौड़ ने कहा कि हमें बहुत खुशी हो रही है कि हम पौराणिक शिक्षा को भी बढ़ाने की सोच रहे हैं। वहीं गुरुकुल की स्थापना हो चुकी है। और बहुत जल्दी पढ़ाई शुरू हो जाएगी। आज के दौर में और हमारी युवा पीढ़ी को पौराणिक शिक्षा के महत्व को भी समझने की जरूरत है। इसी दिशा में हमारा एक छोटा सा प्रयास है।